तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	खेमसिंह जोधा **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड़ अधिकारी लूणी)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353239630964675	
30/12/25	अपीलार्थी खेमसिंह जोधा निवासी ग्राम पोस्ट शिकारपुरा, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी लूणी) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 13.11.2025 श्रीमान प्रमुख शासन सचिव महोदय, राजस्व राजस्थान–सरकार (राजस्व–ग्रुप–1 विभाग के पत्र क्रमांक प. 9 (1) राज. /ग्रुप–1/97/पार्ट ।। जयपुर) दिनांक 09.09.2009 की पालना में अधिसूचना के अनुसार कार्यालय नव सृजित उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर के क्षेत्राधिकार से संबंधित पत्रावलियां/विविध की चार्जलिस्ट की प्रमाणित छाया प्रतियॉं उपलब्ध करने से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी लूणी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.12.30 14:27:29 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19633651